# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2024-25

**कक्षा - 8**

**विषय - हिंदी**

**समय - 2:30 घंटे** **अधिकतम अंक - 60**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'अ' और खंड 'ब' में विभक्त है।**
2. **खंड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं।**
3. **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**
4. **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
5. **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

### खंड - 'अ' (बहुविकल्पीय)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4**

अचरज नहीं कि पहले उत्तर भारत में जो चीजें गली-मुहल्लों की दुकानों में आम हुआ करती थीं, उन्हें अब खास दुकानों में तलाशा जाता है। यह भी एक कड़वा सच है कि कई स्थानीय व्यंजनों को हमने तथाकथित आधुनिकता के चलते छोड़ दिया है और पश्चिम की नकल में बहुत सी ऐसी चीजें अपना ली हैं, जो स्वाद, स्वास्थ्य और सरसता के मामले में हमारे बहुत अनुकूल नहीं हैं। हो यह भी रहा है कि खानपान की मिश्रित संस्कृति में हम कई बार चीज़ों का असली और अलग स्वाद नहीं ले पा रहे। अकसर प्रीतिभोजों और पार्टियों में एक साथ ढेरों चीज़े रख दी जाती हैं और उनका स्वाद गड्डमड्ड होता रहता है।

(i) **गद्यांश के अनुसार आधुनिकता का हमारे खान-पान पर क्या प्रभाव हुआ है?**

(क) स्थानीय व्यंजनों को हमने स्वयं अपना लिया है।
(ख) 'फास्ट फूड' के प्रति लोगों का आकर्षण कम हुआ है।
(ग) आसानी से उपलब्ध व्यंजन खास दुकानों पर ढूँढ़ रहे हैं।
(घ) खास दुकानों के व्यंजन, गली मुहल्लों की दुकानों पर ढूँढ़ रहे हैं।

(ii) **खान-पान की मिश्रित संस्कृति में हम चीजों का असली और अलग स्वाद क्यों नहीं ले पा रहे हैं?**

(क) प्रीतिभोजों और पार्टियों में कम चीजें रखने के कारण।
(ख) प्रीतिभोजों और पार्टियों में कम लोगों के आने के कारण।
(ग) प्रीतिभोजों और पार्टियों में ढेरों चीजें रख देने के कारण।
(घ) प्रीतिभोजों और पार्टियों में स्थानीय व्यंजन रखने के कारण।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4**

कठपुतली
गुस्से से उबली
बोली-ये धागे
क्यों हैं मेरे पीछे-आगे?
इन्हें तोड़ दो;
मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।
सुनकर बोलीं और-और
कठपुतलियाँ
कि हाँ,
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद छुए।

**(i) काव्यांश के अनुसार कठपुतली क्रोध में क्यों थी?**

(क) धागों से खेल न पाने के कारण
(ख) धागों से संचालित होने के कारण
(ग) धागों से मुक्त होने के कारण
(घ) कठपुतली को पाँव पर छोड़ने के कारण

**(ii) 'हमें अपने मन के छंद छुए।'- पंक्ति में कठपुतली अपने मन की कौन-सी इच्छा पूरी करना चाहती है?**

(क) नृत्य करने की
(ख) स्वतंत्र होने की
(ग) मन को स्पर्श करने की
(घ) दूसरी कठपुतलियों कोदेखने की

**प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 1x4=4

**(i) निम्नलिखित में से व्यक्तिवाचक संज्ञा है -**

(क) तरुणाई
(ख) कबीरदास
(ग) बचपना
(घ) विद्यालय

(ii) भाववाचक संज्ञा पहचानिए -

(क) दिल्ली
(ख) गंगा

https://www.evidyarthi.in

(ग) मिठास

(घ) त्रिभुज

(iii) 'दरवाज़े पर कौन खड़ा है?' वाक्य में सर्वनाम की पहचान कीजिए -

(क) दरवाज़े

(ख) पर

(ग) कौन

(घ) खड़ा है

(iv) 'पुलकित पंख' में विशेषण के भेद की पहचान बताइए -

(क) गुणवाचक विशेषण

(ख) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण

(घ) सार्वनामिक विशेषण

**प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-1x4=4**

दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है। बुराई यह मालूम होती है कि किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्तव्य मान लिया जाता है। बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है। सैकड़ों घटनाएँ ऐसी घटती हैं जिन्हें उजागर करने से लोक-चित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जगती है।

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के बजाय सौ रुपये का नोट दिया और मैं जल्दी-जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया। थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ। उसने मुझे पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे रुपये रख दिए और बोला, "यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा, मैंने भी नहीं देखा।" उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी। मैं चकित रह गया।

(i) गद्यांश के अनुसार दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है इसका आशय है:

(क) कमियों पर हँसना चाहिए।

(ख) कमियों के प्रचार से बचना चाहिए।

(ग) कमियों को उजागर करना चाहिए।

(घ) कमियों की प्रसंसा करनी चाहिए।

(ii) गद्यांश के अनुसार लोक-चित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना कैसे जगती है?

(क) बुराई का महिममंडन करने से

(ख) अच्छाई को उजागर करने से

(ग) समाज में वैमनस्य फैलाने से

(घ) समाज की मात्र बुराई करने से

(iii) गद्यांश के अनुसार टिकट बाबू गाड़ी के डिब्बे में क्यों उपस्थित हुए होंगे?

(क) लेखक से शेष राशि लेने के लिए।

(ख) लेखक को शेष राशि देने के लिए।

(ग) लेखक को टिकट देने के लिए।

(घ) लेखक को बिना टिकट पकड़ने के लिए।

(iv) गद्यांश के अनुसार लेखक को आश्चर्य क्यों हुआ?

(क) टिकट बाबू की बेईमानी पर

(ख) टिकट बाबू की चालाकी पर

(ग) टिकट बाबू की ईमानदारी पर

(घ) टिकट बाबू की शरारत पर

**प्रश्न 5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4**

मैया, कबहिं बढ़ेगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

(i) काव्यांश के अनुसार बालक कृष्ण, माँ से क्या प्रश्न पूछ रहे हैं?

(क) चोटी कब छोटी होगी?

(ख) चोटी कब बड़ी होगी?

(ग) चोटी कब पतली होगी?

(घ) चोटी कब काली होगी?

(ii) काव्यांश के अनुसार बालक कृष्ण अपनी चोटी बढ़ाने के लिए क्या प्रयत्न करते हैं?

(क) माखन रोटी खाते हैं

(ख) दंड-बैठक लगते हैं

(ग) दूध का सेवन करते हैं

(घ) जड़ी-बूटी का सेवन करते हैं

(iii) बालक कृष्ण माँ से क्या न देने का उलाहना देते हैं?

(क) गुड़-रोटी

(ख) नमक-रोटी

(ग) माखन-रोटी

https://www.evidyarthi.in

(घ) चटनी-रोटी

(iv) इस पद के रचयिता कौन हैं?

(क) कुंभनदास

(ख) कृष्णदास

(ग) सूरदास

(घ) नंददास

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **1x2=2**

(i) बदलू की चिढ़ किससे थी? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर बताइए?

(क) गाँव के लोगों से

(ख) शहर के लोगों से

(ग) काँच की चूड़ियों से

(घ) लाख की चूड़ियों से

(ii) 'बस की यात्रा' पाठ में बस कैसी थी?

(क) नई-नवेली और जानदार

(ख) सुंदर और चमकीली

(ग) मजबूत और शानदार

(घ) वयोवृद्ध और दीन-हीन

**प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **1x2=2**

(i) 'भगवन के डाकिए' कविता के रचनाकार कौन हैं?

(क) रामदरश मिश्र

(ख) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ग) नरोत्तमदास

(घ) सूरदास

(ii) पक्षी और बादल किसके डाकिए हैं?

(क) भगवान के

(ख) शहर के

(ग) गाँव के

(घ) लोगों के

**खंड ब (वर्णनात्मक)**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **1x4=4**

(i) 'सुख-दुख' में समास बताइए?

(ii) 'आरामदेह' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय लिखिए ।

(iii) 'नादान' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए ।

(iv) खट्टे आम ले आओ । वाक्य में विशेषण छाँटकर लिखिए ।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर काव्य पाठों के आधार पर लिखिए - 1x4=4**

(i) 'यह कठिन समय नहीं है' यह बताने के लिए कवयित्रीद्वारा दिए गए कोई एक तर्क दीजिए।

(ii) कबीर ने तलवार और म्यान में से किसका मोल करने की बात कही है?

(iii) बालक कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(iv) एक महादेश से दूसरे महादेश को कौन जाते हैं? 'भगवान के डाकिए' पाठ के आधार पर बताइए।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर गद्य पाठों के आधार पर लिखिए - 1x4=4**

(i) लाला झाऊलाल से उनकी पत्नी ने कितने रूपये माँगे थे?

(ii) बदलू किस चीज़ की चूड़ियाँ बनाता था?

(iii) सविनय अवज्ञा आंदोलन किसके नेतृत्व में हुआ था?

(iv) किस सवारी को विनम्र सवारी कहा जाता है?

**प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्य आधारित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- 2x4=8**

(i) 'वस्तु-विनिमय प्रणाली' क्या है?

(ii) साइकिल चलाना ग्रामीण महिलाओं के लिए आज़ादी का प्रतीक किस प्रकार बन गया?

(iii) लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा पसंद नहीं था लेकिन वे अपनी पत्नी को कुछ नहीं बोले। वे चुप क्यों रहे होंगे? अपना विचार लिखिए ।

(iv) धोखे मिलने के बाद भी लेखक निराश क्यों नहीं है? अपना विचार लिखिए ।

**प्रश्न 12. निम्नलिखित पद्य आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- 2x3=6**

(i) 'एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।' कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ii) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या क्या करती होगी? 'यह सबसे कठिन समय नहीं' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

(iv) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5x1=5**

(क) वायु प्रदूषण (ख) दीपावली (ग) मोबाइल का प्रभाव

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए - 5x1=5**

https://www.evidyarthi.in

अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए दो दिन के अवकाश हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

अथवा

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।